University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 13 February 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : बीओएस व फैकल्टी बोर्ड से अप्रूव कराएं पीजी कोर्स

**लखनऊ।** लविवि में नई शिक्षा नीति के अनुसार पीजी पाठ्यक्रम को तैयार करने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने शुक्रवार को सभी डीन व हेड को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा है कि पीजी कोर्स के नए रेगुलेशन बनाए जाने हैं। इस बारे में सभी विभाग अपने यहां बोर्ड ऑफ स्टडीज से 15 फरवरी को बैठक कर रेगुलेशन पास करें। इसी क्रम में फैकल्टी बोर्ड 16 फरवरी को बैठक कर इसे पास कराकर उप कुलसचिव कार्यालय में अविलंब उपलब्ध कराएं। हालांकि कुछ शिक्षकों ने इसे सत्र 2020-21 की जगह 2021-22 से लागू करने की बात कही है।

### बीएलएड परीक्षा 23 से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को यूजी-पीजी के कई अन्य कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना की ओर से जारी सूचना के अनुसार बीएलएड फर्स्ट ईयर की परीक्षा 23 फरवरी से एक मार्च के बीच सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी।इसी क्रम में एमकॉम अप्लाइड इकनॉमिक्स तीसरे सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा 15 से 27 फरवरी तक, एमएड तीसरे सेमेस्टर की 23 फरवरी से तीन मार्च तक, एमए एजुकेशन तीसरे सेमेस्टर की 20 व 22 फरवरी को, बीसीए तीसरे सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा 19 फरवरी से दो मार्च तक, बीसीए पांचवें सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की 20 फरवरी से एक मार्च तक होगी।

### लविवि : बीटेक के 17 स्टूडेंट का प्लेसमेंट

**लखनऊ।** लविवि के इंजीनियरिंग संकाय में प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक मेकेनिकल इंजीनियरिंग के 17 छात्रों का केपी रिलायबल फॉर मेकेनिकल इंजीनियरिंग में गुणवत्ता निरीक्षक के पद पर चयन हुआ है। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ओपीएस वेदा ने तुषार गुप्ता को सर्वाधिक 5.56 लाख रुपये सालाना का पैकेज ऑफर किया है।

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू के 17 छात्रों को प्लेसमेंट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी के छात्रों को प्लेसमेंट में कामयाबी मिली है। ड्राइव में मेकेनिकल इंजीनियरिंग के 17 छात्रों को के पी रिलायबल फॉर मेकेनिकल इंजीनियरिंग में गुणवत्ता निरीक्षक के पद पर काम करने का आफर मिला है। उनका वेतन प्रथम वर्ष के लिए 15000 रुपये - 17000 रुपये है। आज की प्लेसमेंट ड्राइव में ओपीएस वेदा ने तुषार गुप्ता को अधिकतम 5.56 लाख रुपए का पैकेज ऑफर किया।

### एमकॉम, बीसीए की परीक्षा तिथि तय

**लखनऊ।** एलयू ने एम कॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स थर्ड सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। परीक्षाएं 15 फरवरी से 27 फरवरी के बीच होंगी। एम एड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 23 फरवरी से 3 मार्च तक होगी। एमए एजुकेशन तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 20 व 22 फरवरी को होगी। बीसीए थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 19 फरवरी से 2 मार्च तथा पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 20 फरवरी से 1 मार्च के बीच में होगी। बीएलएड फर्स्ट ईयर की परीक्षा 23 फरवरी से होगी।

## i-NEXT PAGE 7

### 17 स्टूडेंट्स को मिली नौकरी

**LUCKNOW (12 Feb, inext):** एलयू के अभियांत्रिकी और टेक्नोलॉजी संकाय में चल रहे प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों को सफलता मिली है. ड्राइव में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 17 छात्रों को प्लेसमेंट मिला, जिससे उनके चेहरे खिल उठे.

## VoL PAGE 3

### लविवि के 17 छात्र चयनित

**लखनऊ।** लविवि के अभियांत्रिकी और टेक्नोलॉजी संकाय में चल रहे प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के छात्रों को सराहनीय सफलता प्राप्त हो रही है। चल रहे इस ड्राइव में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 17 छात्रों को के पी रिलाबबल फॉर मैकेनिकल इंजीनियरिंग में गुणवत्ता निरीक्षक की पद पर कार्य शुरू करने का निमंत्रण मिला चुका है। उनका वेतन प्रथम वर्ष के लिए शुल्क (गुड़गांव / चेन्नई) के स्थान पर 15 से 17 हजार रुपये नियुक्त किया गया है।